Title: Need to conduct an enquiry into the alleged use of J.C.B. machine in cleaning Kamaldh pond under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान): अध्यक्ष महोदया, मनरेगा योजना अति महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना केंद्र सरकार ने गरीबों को प्रांत और उनके घर में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लागू की थी। मैं आपके माध्यम से जानकारी देना चाहूंगा कि 15 फरवरी को माननीय नीतिश कुमार, बिहार सरकार के मुख्यमंत्री ने अपने करकमलों द्वारा तालाब की सफाई की चार करोड़ आठ लाख की योजना का शुभारंभ किया था। मजदूरों के आग्रह पर मैंने रात के दस बजे योजना का निरीक्षण किया तो पाया कि चार जीसीबी मशीन और 10 ट्रैक्टर लगाए गए थे लेकिन वहां से मजदूर पलायन कर रहे हैं। मेरे पास सीडी और पेपर की कटिंग है। यह योजना बिहार में फ्लाप हो रही है। हमने ग्रामीण विकास मंत्री, श्री सी.पी. जोशी को आवेदन दिया और वहां के समाहर्ता को भी आवेदन दिया लेकिन कहीं से कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरा आपसे आग्रह है कि भारत सरकार एक टीम भेजे और इस योजना की जांच कराए। यह चार-साढ़े चार करोड़ रुपए घोटाले का मामला बनता है, इस बारे में निश्चित रूप से कार्रवाई की जाए।

MADAM SPEAKER: Shri Premdas Katheria -- absent.

...(*Interruptions*)